## एक नजर में

### 167 स्थानों पर लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

**भोपाल.** राजधानी में नगर निगम अपनी आय में वृद्धि करने के लिए अब वार्ड कार्यालय के अलावा अतिरिक्त वसूली शिविर लगाने की तैयारी कर रहा है, जिसको शनिवार 14 फरवरी से शुरुआत की जाएगी. वित्तीय वर्ष की समाप्ति में डेढ़ महीने का समय बचा है. और लक्ष्य पूरा करने के लिए यह एक प्रयास है. 85 वार्ड कार्यालयों सहित 167 स्थानों पर राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जा रहे है जिसमें करदाता अपने देय करों का भुगतान सुविधापूर्ण ढंग से कर सकेंगे. जिससे करदाता को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो.

### शाहपुरा में महिला का पर्स छीनकर बदमाश फरार

**भोपाल.** राजधानी में लुटेरों का आतंक बढ़ता जा रहा है. शहर के चूना भट्टी थानांतर्गत शुक्रवार शाम को महिला से पर्स लूटने की घटना हुई. यह लूट शाहपुरा के ए सेक्टर में शाम करीबन 6 बजे की गई. महिला निजी स्कूल में बच्चों के देखभाल का काम करती है. वह स्कूल से पैदल घर जा रही थी. इस दौरान सामने दो लुटेरे काले रंग की दो पहिया गाड़ी से आए और झपट्टा मारकर पर्स छीनने का प्रयास किया. जिससे वह काफी दूर तक घिसटती गई अ. पर्स में 5 हजार रुपये नकद, अलमारी की चाबी कुछ अन्य सामान था. महिला ने थाने में इस घटना की सूचना दी. सूचना पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरु कर दिया .अभी लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा है.


### दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**भोपाल.** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी ने काम में लापरवाही बरतने वाले दो पंचायत सचिवों पर निलंबन की कार्रवाई की है. ग्राम पंचायत विसनखेड़ी के सचिव संतोष औचावर और ज.पं. बैरसिया ग्राम पंचायत अर्रावती के सचिव खुमान सिंह मीणा को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है. सचिवों को निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी.

# मंत्रालय में फर्जी आईएएस की खुली पोल

## 2019 बैच का अफसर बताया था

- युवक की ठीक नहीं थी मानसिक स्थिति
- अफसरों ने पूछताछ के बाद परिजनों को सौंपा



**भोपाल, 13 फरवरी.** मंत्रालय में शुक्रवार को एक फर्जी आईएएस अधिकारी पहुंच गया. खुद को 2019 बैच का अधिकारी बताने वाला योगेंद्र सिंह चौहान मूल रूप से इंदौर का रहने वाला है और स्वयं को अपर कलेक्टर बताकर कर सामान्य प्रशासन विभाग के उपसचिव अजय कटेसरिया के पास पहुंचा था. बातचीत में संदेह हुआ तो उन्होंने सुरक्षाकर्मी बुला लिए. पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह कोई आईएएस अधिकारी नहीं है. हालांकि, युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए उसके विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई न करते हुए उसे स्वजन को सौंप दिया. योगेंद्र सिंह चौहान स्वयं को आईएएस अधिकारी बताकर सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव के पास पहुंचा था.

> वह अपना तबादला करने की बात कर रहा था. इससे अजय कटेसरिया को संदेह हुआ उन्होंने सिलेक्शन बैच पूछा तो वह 2019 बताने लगा. सिलेक्शन बैच वह होता है जिसमें व्यक्ति परीक्षा देता है. संवर्ग का बैच उसके एक साल बाद का होता है. उसे जब और पूछा गया तो बताया कि इंदौर में अपर कलेक्टर पदस्थ हूं, लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग मुझे भूल गया है. जब पूछा कि आपका सुरक्षा कर्मी कहां है, तो कहने लगा कि कलेक्टर ने ले लिया है. इस पर संदेह पुख्ता हो गया और फिर उन्होंने मंत्रालय के सुरक्षाकर्मी बुलाकर उन्हें सौंप दिया. मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी ने पूछताछ की. उसे 2019 बैच की सूची दिखाई, जिसमें उसका नाम नहीं था. पूछताछ में पता चला कि कि वह मानसिक तौर पर अस्थिर है. एकटक सुरक्षाकर्मियों को देखता रहा. चेहरे पर कोई चिंता नहीं. उसके पास फर्जी आईडी या अन्य कोई चीज नहीं मिली. स्वजन का नंबर लिया और फिर उन्हें मंत्रालय बुलाया. उन्होंने बताया कि इसका उपचार चल रहा है, जिसके बाद बिना कोई कार्रवाई किए स्वजन के हवाले इस हिदायत के साथ कर दिया कि जब तक उपचार चल रहा है, तब तक ऐसे कहीं जाने न दें.



# वैलेंटाइन डे के पहले किया दंड पूजन

## पार्कों में तैनात रहेंगी हिंदू संगठनों की टीमें

**भोपाल, 13 फरवरी. अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने वैलेंटाइन डे के विरोध में एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है. संगठन ने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को रोकने के लिए दंड पूजन किया और युवाओं को स्पष्ट चेतावनी दी कि प्यार के नाम पर सार्वजनिक अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.**

प्रांत मंत्री राकेश प्रजापति ने दंड पूजन के दौरान कहा, प्यार भारतीय संस्कृति में मर्यादा और सम्मान के साथ होता है, लेकिन पश्चिमी प्रभाव में आज युवा अश्लीलता की ओर बढ़ रहे हैं. भोपाल में ऐसा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन केवल अनुचित व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई करेगा, सच्चे प्रेम या पारिवारिक मूल्यों के खिलाफ नहीं. राष्ट्रीय बजरंग दल की एक दर्जन टीमें शहर के प्रमुख पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर तैनात रहेंगी. यदि कोई जोड़ा अश्लील हरकत करते पाया गया तो सिर मुंडवाकर सड़कों पर जुलूस निकाला जाएगा.

> संगठन ने कहा कि यह कदम केवल मर्यादा भंग करने वालों के लिए है. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुंभकार, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, विकास पटेल, राज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सभी ने एकजुट होकर पाश्चात्य संस्कृति के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया. बजरंग दल का कहना है कि वैलेंटाइन डे पश्चिमी संस्कृति का प्रतीक है, जो भारतीय मूल्यों और परंपराओं के विपरीत है. इसे मातृ-पितृ पूजन दिवस या अन्य सांस्कृतिक रूप से मनाया जाना चाहिए. संगठन ने पुलिस प्रशासन से भी अपील की है कि सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए.

# तय समय से एक दिन पहले एसआईआर का काम पूरा

## 21 को जारी होगी फाइनल मतदाता सूची

**भोपाल, 13 फरवरी. स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और फिर दावे-आपत्तियों की सुनवाई के बाद भोपाल की वोटर लिस्ट से करीब साढ़े 4 लाख वोटर कम हो जाएंगे.**

भोपाल ने एसआईआर का काम एक दिन पहले यानी, शुक्रवार को ही पूरा कर लिया. हालांकि, फाइनल मतदाता सूची 21 फरवरी को जारी होगी.

बता दें कि 23 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया. इसके बाद 22 जनवरी तक बूथ लेवल ऑफिसर यानी, बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठें. इस दौरान उन्होंने नए फॉर्म 6, 7 और 8 प्राप्त किए. एसआईआर में जिन मतदाताओं को नो मैपिंग में रखा गया कि उन्हें नोटिस जारी किए गए और 50 दिन के अंदर उनका रिकॉर्ड देखा. 14 फरवरी तक ये काम होना था, लेकिन जिला प्रशासन ने एक दिन पहले 13 फरवरी को ही काम पूरा कर लिया.

# दीपक नगर से हटाई 15 झुग्गियां

## क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण में आ रही थी समस्या

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 फरवरी. राजधानी में प्रशासन ने शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. यह कार्रवाई होशंगाबाद रोड पर स्थित दानिश नगर के पास दीपक नगर से 15 झुग्गियां पर की गई. सभी अवैध झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया.**

इस कार्रवाई का झुग्गी वासियों और आस पास के लोग विरोध करने आ गए. सड़क पर महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं इस दौरान प्रशासन के अधिकारियों से कहा सुनी भी हुई, दरअसल यहां सड़क का चौड़ीकरण होना है. इस कार्य में झुग्गियां बाधा बन रही थी.



### इनका कहना है

लोगों को फिलहाल लहारपुर में जगह दी गई है. आवासों की भी व्यवस्था की जाएगी।

**- यशवर्धन सिंह, तहसीलदार, कोलार तहसील**

# हाई स्किल्ड ट्रेनर दें कर्मचारियों को ट्रेनिंग

## प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने किया निरीक्षण

## पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर की देखी व्यवस्था

**भोपाल, 13 फरवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने गोविंदपुरा स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा लाइन स्टाफ तथा अन्य श्रेणी के कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु संचालित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अत्याधुनिक संसाधनों का उपयोग किये जाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि हाई स्किल्ड ट्रेनर के माध्यम से कंपनी के कार्मिकों के साथ ही नव नियुक्त प्रशिक्षु कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए. प्रबंध संचालक ने वीडियो एनिमेशन के जरिये लाइनमेनों को प्रशिक्षित किये जाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यबल ही कंपनी की बेहतर छवि और कुशल वितरण प्रणाली का आधार है.

> प्रशिक्षण कार्यक्रमों से न केवल बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे। प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के लिए हॉस्टल में ठहरने की उचित व्यवस्थाओं के साथ ही खान-पान की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान प्रबंध संचालक ने पीडीटीसी द्वारा आयोजित किये गये विभिन्न प्रशिक्षणों एवं कार्यों को प्रजेंटेशन के माध्यम से देखा और आवश्यक निर्देश दिए।

### जाटखेड़ी में मकान हटाने का कांग्रेस ने किया विरोध

**भोपाल.** जाटखेड़ी में 20 से अधिक मकानों को तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध जताया है. इसे लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे.

उन्होंने मांग की कि यहां से गरीबों को नहीं हटाया जाए. यदि हटाने की नौबत भी बनती है तो उन्हें स्थायी तरीके से पुर्नवास की व्यवस्था हो. ऐसा नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी गई. बता दें कि कांग्रेसियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी. उनकी समस्याएं सुनीं और इस कार्रवाई को अमानवीय एवं अन्यायपूर्ण बताया था.



### छात्रों ने धीमी कार्रवाई का किया विरोध

**भोपाल, 13 फरवरी.** एमबीबीएस फस्ट ईयर की छात्रा रोशनी कलैश की मौत के मामले में धीमी कार्रवाई से नाराज छात्रा के परिजन और गांधी मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कोहेफिजा थाने का घेराव कर दिया है. प्रदर्शनकारी त्वरित कार्रवाई पर अड़े हुए हैं. थाने के अधिकारियों ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, छात्र जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद मान भी गए थे, लेकिन कुछ देर बाद फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया.

# 47वीं अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**भोपाल, 13 फरवरी. एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद् द्वारा राज्य में कार्यरत विद्युत क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों की 2025-26 की विभिन्न अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मेजबानी में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) मैदान बीएचईएल में आयोजित दो दिवसीय 47वीं अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ.**

दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 400 मीटर दौड़ में संजय लाल बैगा (चचाई) एवं तवा फेंक प्रतियोगिता में सुभाष (चचाई) ने खिताब जीता.



भाला फेंक प्रतियोगिता में जबलपुर क्षेत्र के लोकसिंह नरते तथा 100 मीटर दौड़ में सारणी के धर्मेंद्र खेर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर निदेशक (वाणिज्य) सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (पीडीटीसी) एके खत्री, मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) बीबीएसपरिहार, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एवं महाप्रबंधक (ओएंडएम) श्रजाहिद अजीज खान ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए.

### चरस सहित दो तस्कर किए गिरफ्तार

**भोपाल.** भोपाल क्राइम ब्रांच ने 495 ग्राम चरस एवं दो मोबाइल फोन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है. पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीआईटी मैदान खंडहर के पास गोविंदपुरा में दो युवक खड़े हुए हैं. उनके पास मादक पदार्थ चरस है, जिसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं.यदि उन्हें जल्दी नहीं पकड़ा गया तो वह चरस को किसी को बेचकर निकल जाएंगे. सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर युवकों को दबोच लिया.

# सेवादल कांग्रेस की रीढ़ है : अवनीश

## कांग्रेस सेवादल की संगठनात्मक बैठक

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 फरवरी. कांग्रेस सेवादल भोपाल शहर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय 'इंदिरा भवन' में सम्पन्न हुई. बैठक की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ की गई.**

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश मार्गव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की. उन्होंने कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीढ़ है और आने वाले समय में कार्यकर्ताओं को अधिक समर्पण और निष्ठा के साथ जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी. संगठन में अनुशासन और सेवा भाव को प्राथमिक स्तर तक मजबूत करना आवश्यक है.



भोपाल शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष निहाल अहमद ने बैठक के निर्णयों की जानकारी दी और बताया कि आगामी समय के लिए कई रणनीतियां तय की गई हैं.

> इसके तहत प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा. साथ ही ब्लॉक एवं वार्ड स्तर पर इकाइयों का गठन और विस्तार शीघ्र किया जाएगा. सदस्यता अभियान को गति देने तथा कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया. इस अवसर पर प्रदेश और शहर स्तर के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

**अधिसूचना** अपराधों पर अंकुश लगाने की पहल, कई गांवों के लोगों को मिलेगा जल्द न्याय

# अब राजधानी को मिला एक नया थाना

### फैक्ट फाइल

- पुलिस कमिश्नरी में हुए 31 थाने
- कोलार थाने का हुआ विभाजन
- कजलीखेड़ा चौकी का बनाया थाना
- कोलार में बढ़ रहे हैं अपराध

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 13 फरवरी. राजधानी भोपाल में शुक्रवार को नए थाना को स्थापित करने के लिए अधिसूचना जारी की गई, जिसके तहत कोलार थाने की कजलीखेड़ा चौकी को थाना बनाए जाने का आदेश किया है.**




कजलीखेड़ा थाने का क्षेत्र डीमार्ट से गोल जोड़ तक रहेगा. विगत दिनों पहले नए पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कोलार थाने का निरीक्षण किया था, उसके बाद से नवीन थाने बनने की कार्रवाई तेज हो गई थी. इस थाने के स्थापित होने के बाद क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगने की संभावना प्रबल हो जाएगी.

### अपराधों पर लगेगा अंकुश

कोलार थाना क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ अधिक बढ़ रहा था, जिस पर नियंत्रण करने में असफल हो रहे थे. वहीं कोलार थाना जो कि कमिश्नरी का सबसे अधिक क्षेत्रफल है.

> **कोलार के 15 कर्मचारी शामिल कजली खेड़ा**
>
> कजलीखेड़ा थाने अस्तित्व में आने के बाद कोलार थाने मे विभाजन किया गया, जिसमें से जो पूर्व से चौकी में पदस्थ 15 पुलिसकर्मियों को ही थाने के लिए वहीं पदस्थ कर कर दिया गया और कुछ दिन बाद पुलिस लाइन पदस्थ कर्मचारियों की थाने में पदस्थापना की जाएगी. वैसे जिले में 40 थाने पहले से हैं, जिसमें से 30 थानों में कमिश्नर प्रणाली लागू है, 7

> **ये क्षेत्र आएंगे दायरे में**
>
> गेहूंखेड़ा, प्रियंका नगर, फेथकला, सेमरी कला, अमरावतकलां, इमलिया जरगर, पचामा, वंदौरी, सेवनिया, खाण्डाबड, खडबमुलिया, कोटरा, छोटाखेड़ा, कालापानी, शोभापुर, सुहागपुर, गोल, रानी पिपलिया, बैरागढ़ चीचली, देहरी कला, इनायतपुर, बोरदा, महाबडिया, कजलीखेड़ा, आईबीडी हालमार्क सिटी, रायपिंक सिटी, गौरव नगर, सांई श्रद्धा होम्स, पीलीतलाई, बोदाखों, धौलीउमर, दौलतपुर, मायसिटी, गौंडीपुरा, थुआ खेडा आदि।

# मध्यप्रदेश में ठंड के तेवर पड़े नरम

## 30 डिग्री पार पहुंचा दिन का तापमान

## पश्चिमी विक्षोभ का असर सीमित

**भोपाल, 13 फरवरी. मध्य प्रदेश में अब सर्दी का असर लगातार कम होता नजर आ रहा है. प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. मौसम के इस बदलाव से साफ संकेत मिल रहे हैं कि ठंड अब विदाई की ओर है.**

मौसम विभाग के अनुसार 13 और 16 फरवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे. इनका मुख्य प्रभाव पहाड़ी राज्यों में देखने को मिलेगा, जहां बर्फबारी और वर्षा की गतिविधियां जारी रह सकती हैं. हालांकि मध्य प्रदेश में इन सिस्टम का असर सीमित रहने की संभावना है. इसके चलते हल्की ठंड का एक छोटा दौर महसूस हो सकता है, लेकिन कड़ाके की सर्दी लौटने की संभावना नहीं है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.

